Ruling regarding Notices of Adjournment Motion

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे निम्नलिखित माननीय सदस्यों के कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं - श्री गुरजीत सिंह औजला, श्री नीरज मौर्य, श्री सचिदानन्दम आर., श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत, श्री के. राधाकृष्णन, श्री बैन्नी बेहनन, श्री कुलदीप इंदौरा, प्रो. सौगत राय, श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल, श्री लालजी वर्मा, श्री अभय कुमार सिन्हा, श्री देवेश शाक्य, श्री पुष्पेंद्र सरोज, कुमारी सुधा आर., श्री डी. एम. कथीर आनंद, डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम, श्री टी. आर. बालू और श्री आनंद भदौरिया ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्लीज बैठिए । माननीय सदस्यगण, स्थगन प्रस्ताव तत्काल एवं गंभीर समस्याओं के लिए लाए जाते हैं । मैं कई माननीय सदस्यों को देख रहा हूँ कि वो रोजाना स्थगन प्रस्ताव इसलिए लाते हैं, क्योंकि मैं उनका नाम पढ़ रहा हूँ । अगर वह रोज स्थगन प्रस्ताव लगाएंगे, तो मैं उनका नाम पढ़ना बंद कर दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, आप सब सीनियर व्यक्ति हैं । स्थगन प्रस्ताव की एक व्यवस्था है । तत कालीन घटना, गंभीर घटना, जिसमें सदन रोककर चर्चा की जाए, वे स्थगन प्रस्ताव हैं । मैंने सबके लिए नहीं कहा है, कृपया आप बैठिए ।

? (व्यवधान)